

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया।

# आधुनिक रिमोट सेंसिंग और जीआईएस से तैयार किया भूजल एटलस

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** प्रदेश में जल संरक्षण एवं सतत पर्यावरण प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान को तकनीकी एवं वैज्ञानिक आधार प्रदान करने की दिशा में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इसी क्रम में आधुनिक रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक के माध्यम से 'भूजल एटलस अंतर्जली' तैयार किया गया है। यह एटलस उपग्रह छायाचित्रों, डिजिटल एलिवेशन मॉडल, लीनियामेंट विश्लेषण एवं लिथोलॉजिकल डेटा के समेकित अध्ययन के आधार पर विकसित किया गया है।

इसके अंतर्गत भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर एवं जबलपुर जिलों के भूजल संभाव्यता एवं गुणवत्ता मानचित्र तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एटलस में भूजल की उपलब्धता के साथ-साथ जल गुणवत्ता का भी वैज्ञानिक आकलन किया गया है, जिसमें फ्लोराइड, नाइट्रेट, रासायनिक प्रदूषण एवं भारी धातुओं की उपस्थिति का क्षेत्रवार विश्लेषण शामिल है। इससे जलजनित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान एवं उनके समाधान में सहायता मिलेगी।

मैपकास्ट द्वारा तैयार यह वैज्ञानिक दस्तावेज जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण विकास एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं के लिए नीति निर्माण एवं योजना क्रियान्वयन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इसके माध्यम से जल प्रबंधन से जुड़े निर्णय अधिक सटीक एवं डेटा आधारित हो सकेंगे।

वर्ष 2024 में उज्जैन की जल संरचनाओं पर आधारित 'शिप्रा अमृता का आह्वान' एवं वर्ष 2025 में प्रदेश की नदियों पर आधारित 'अमृतम् जलम्' नामक वैज्ञानिक दस्तावेज भी मैपकास्ट द्वारा तैयार किए जा चुके हैं।

# उद्यानिकी व उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देने पर जोर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में इंदौर के एआईसीटीएसएल सभागार में रबी 2025-26 की समीक्षा एवं खरीफ 2026 की तैयारियों को लेकर संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, खाद्य प्रसंस्करण एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य के अनुरूप किया जाए तथा नियमित रूप से मैदानी स्तर पर निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचे और कोई भी हितग्राही वंचित न रहे।

उन्होंने उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसानों को अधिक मूल्य वाली फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप परंपरागत फसलों की तुलना में लाभकारी एवं आधुनिक फसलों को बढ़ावा दिया जाए। कृषि में वैज्ञानिक तकनीक, नवाचार तथा अनुसंधान के उपयोग को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति, किसानों को समय पर बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने तथा अमानक बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि डीएपी के विकल्प के रूप में जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।

नरवाई जलाने पर रोक लगाने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने और हैप्पी सीडर व सुपर सीडर जैसी तकनीकों के अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। इसके साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण कराने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में संभाग के विभिन्न जिलों के कलेक्टरों ने कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी।

## महुआ महोत्सव में संस्कृति और लोककला का संगम

# शिप्रा नृत्य-नाटिका की पहली प्रस्तुति ने बाँधा समाँ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के 13वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय महुआ महोत्सव में सोमवार को लोक संस्कृति, संगीत और नृत्य की विविध छटाएं देखने को मिलीं। संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव के तीसरे दिन पहली बार प्रस्तुत की गई शिप्रा नृत्य-नाटिका दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही।

श्यामला हिल्स स्थित जनजातीय संग्रहालय में 6 से 10 जून तक आयोजित महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों की लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

महोत्सव के दौरान बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कलाकारों ने कठपुतली निर्माण की तकनीकों से बच्चों को अवगत कराया तथा रोचक लोककथाओं का मंचन किया। इसके साथ ही शिल्प मेले में बांस, धातु, मिट्टी और कपड़ा आधारित पारंपरिक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। आगंतुकों के लिए विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों की विशेष व्यवस्था भी की गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बघेली लोकगीत, त्रिपुरा का होजागिरि नृत्य, उत्तराखंड का हारुल नृत्य, उत्तर प्रदेश का डोमकच नृत्य तथा हरियाणा का घूमर नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे। कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की समापन प्रस्तुति के रूप में नई दिल्ली की कलाकार सुश्री संगीता शर्मा एवं उनके दल ने 'विष्णु पुत्री शिप्रा' नृत्य-नाटिका का मंचन किया। लगभग एक घंटे दस मिनट की इस प्रस्तुति में 50 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। नौ दृश्यों में प्रस्तुत इस नृत्य-नाटिका के माध्यम से शिप्रा नदी की पौराणिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में देश के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, लोकगायन और पारंपरिक कला रूपों की प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे दर्शकों को भारतीय लोक संस्कृति की विविधता को निकट से जानने का अवसर मिलेगा।

# मंत्री शुक्ला और पंवार मिले भाजपा कार्यकर्ताओं से



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने आमजन और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया।

जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। श्री शुक्ल और श्री पंवार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को समझा तथा उन्हें आश्वस्त किया कि हर उचित मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

## विस की सदस्य सुविधा समिति की प्रथम बैठक

मप्र विधानसभा की सदस्य सुविधा समिति की प्रथम बैठक सोमवार को विधानसभा में सभापति शैलेंद्र जैन के सभापतित्व में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य प्रहलाद लोधी, घनश्याम चंद्रवंशी , राजकुमार कर्राहे, रजनीश सिंह एवं डॉ.रामकिशोर दोगने ने भाग लिया। सभापति द्वारा समिति की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला गया एवं विधानसभा सचिवालय द्वारा सदस्यों को समिति के कार्यों की जानकारी दी गई।

# कायस्थ प्रतिभा सम्मान समारोह में 33 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अभा कायस्थ महासभा, मध्य भारत एवं भोपाल इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'कायस्थ प्रतिभा सम्मान एवं चित्रांश पारिवारिक मासिक बैठक' समाज की प्रतिभा, संस्कार और संगठन शक्ति का अनूठा संगम बना।

इस आयोजन की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी समाज के स्कूली बच्चों ने संभाली और सफलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम में 33 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। इसके साथ ही राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एनएसएस स्वयंसेविका कुमारी पूजा सिंह तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुमारी पायल सक्सेना को विशिष्ट कायस्थ सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जो समाज अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करता है, वही भविष्य का नेतृत्व करता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और संस्कार के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि पूर्व आईएएस श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को परिश्रम और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील श्रीवास्तव ने समाज की एकता, महिला सशक्तिकरण, युवा भागीदारी और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी और समाजहित में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

समारोह में विभिन्न स्मृति पुरस्कारों के माध्यम से दिवंगत वरिष्ठजनों को भी श्रद्धांजलि दी गई और मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

# सड़कों से 26 पशु पकड़ कर कांजी हाउस भेजे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले पशुओं को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है।

इसी क्रम में गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने सोमवार को विशेष अभियान चलाते हुए 26 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा तथा 4 पशुओं को पशु चिकित्सालय आसरा में उपचार के लिए भेजा। इसके अलावा हाका पार्टी द्वारा 15 पशुओं को सड़कों से हटाया गया। निगम अमले ने 20 पशुओं को स्व. मिथलेश देवी गौशाला भेजने की कार्रवाई भी की। यह अभियान निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे झदा, जेल रोड, जहांगीराबाद, सूरज नगर, भदभदा, नेहरू नगर, पिपलानी, अयोध्या नगर, बैरागढ़, लालघाटी सहित कई इलाकों में चलाया गया।

# लिपिकों ने दो सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** समान कार्य समान वेतन संवैधानिक अधिकार है परन्तु सरकार का ये कैसा नीतिगत निर्णय है कि मंत्रालय, विधि विधायकी, राजभवन कार्यालय में पदस्थ लिपिकों को द्वितीय समयमान में उन्नत वेतनमान, ग्रेड पे दिया जा रहा है और विभागाध्यक्ष उनके अधिनस्थ कार्यालयों के मैदानी लिपिकों को वंचित रखा जा रहा है?

इसी तरह अनुकम्पा नियुक्ति कृपा है और कृपा कर सेवा से पृथक किया जाना यह कैसी नीति है सरकार की? मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ राजधानी में दो सूत्रीय मांगों का शासन ध्यानाकर्षण हेतु सतपुड़ा भवन में प्रांतव्यापी प्रदर्शन कर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन ज्ञापन में मध्यप्रदेश के 55 जिलों से लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं उर्जावान लिपिक उपस्थित थे। सरकार को लिपिकों की न्यायोचित मांगों पर ध्यानाकर्षण कराने वित्त मंत्री से संघ पदाधिकारी मिलकर ज्ञापन सौंपा जाना है। संघ के मुकेश चतुर्वेदी प्रांताध्यक्ष, संतोष शुक्ला, कोषाध्यक्ष किशन सिंह चौहान, अरूण शर्मा, अनील खम्परिया, बी एस तरेटिया, वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष अरुण कदम, कमलेश चौहान, गंगा सिंह सिसौदिया, भोपाल अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, चित्रेश बाघे, जेके जैन, दिग्विजय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, रमेश वर्मा, अजय चौहान, सोमनाथ सोनी, पद्मनाथ पिल्ले, अनील डहेरिया उपस्थित थे ।

# नगर निगम परिषद का विशेष सम्मिलन आज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम, भोपाल की परिषद का विशेष सम्मिलन मंगलवार, 09 जून को प्रातः 11:00 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) स्थित परिषद सभागृह में आहूत किया गया है। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में आहूत सम्मिलन में कार्यसूची में सम्मिलित विषय पर चर्चा की जायेगी।

# महिला एवं बाल कल्याण संबंधी समिति की बैठक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण संबंधी समिति की प्रथम बैठक सोमवार को सभापति श्रीमती ललिता यादव के सभापतित्व में संपन्न हई ।

बैठक में समिति के सदस्यों,श्रीमती उमा देवी खटीक, सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू, श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके,श्रीमती प्रियंका पैंची,श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, श्रीमती छाया मोरे एवं श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने सहभागिता की। इस अवसर पर सभापति द्वारा समिति की भूमिका, दायित्व एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला गया तथा विधानसभा सचिवालय द्वारा सदस्यों को समिति के कार्यों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

# जीनगर महासभा के उपाध्यक्ष बने ढालिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अखिल भारतीय जीनगर समाज एकीकरण महासभा की उदयपुर में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति में वरिष्ठ समाजसेवी भगवान दास ढालिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा सुजालपुर निवासी नेमीचंद सांखला को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मनोहर लाल डाबी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री तथा रविकांत पवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

प्रांतीय कार्यकारिणी में पृथ्वीराज चौहान को प्रदेश अध्यक्ष, मंदसौर निवासी अनिल सांखला को प्रांतीय महासचिव तथा इंदौर निवासी सुशील डाबी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# विधायक तिवारी की उपस्थिति में कोठारी को दी विदाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** निगम मंडल अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित गजेन्द्र कोठारी के विदाई समारोह का आयोजन 9 मसाला रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम में जबलपुर के भाजपा विधायक सुशील तिवारी (इंदु भैया) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजक अनिल वाजपेई, अभिलाष जैन, अजय श्रीवास्तव, नीलू भैया, बलवंत सिंह रघुवंशी सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पशुपालन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल ...

# हर ग्राम में बनेगी लखपति गोपालक दीदी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक बर्णवाल ने इंदौर में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुपालन को केवल सहायक व्यवसाय न मानकर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का मुख्य माध्यम बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक 'लखपति गोपालक दीदी' तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।



बैठक में महिला स्व-सहायता समूहों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इससे ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री बर्णवाल ने कहा कि क्षीरधारा ग्राम योजना के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को संगठित किया जाए तथा पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पशुपालन और बेहतर विपणन सुविधाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने नस्ल सुधार अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने, कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने तथा पशु आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी बल दिया गया। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को केवल पशु संरक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट और गोबर गैस उत्पादन जैसे आयवर्धक कार्यों से जोड़ा जाए। साथ ही मत्स्य पालन क्षेत्र की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जलाशयों और तालाबों में केज कल्चर तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इससे ग्रामीण युवाओं और मछुआरों की आय में वृद्धि होगी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जाएगा।


## आम सभा की सूचना

अगम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल समस्त सदस्यों को सूचित हो कि वर्ष 2025-26 के लिये समिति की आम सभा दिनांक 28 जून 2026 रविवार प्रातः 10 बजे सुरभि विहार कालोनी स्थित कार्यालय प्रांगण में होना निश्चित हुआ है। कृप्या समय पर उपस्थित हों।

आदेशानुसार
अध्यक्ष
अगम गृह निर्माण सहकारी समिति